मो. कासिम गुज्जर आतंकी घोषित, अधिसूचना जारी

नई दिल्ली । केंद्र ने कई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड मो. कासिम गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान को आतंकवादी घोषित किया है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को एक अधिसूचना जारी कर मोहम्मद कासिम को आतंकवादी घोषित किया। मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट जारी कर कहा कि लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर ने आतंकी हमलों में कई लोगों की जान ली है और वह भारत के खिलाफ युद्ध की योजना बनाने में शामिल रहा है।

गैंगस्टर छोटा राजन बरी, गुर्ग लकड़वाला को उम्रकैद

मुंबई । मुंबई की एक विशेष कोर्ट ने व्यवसायी की हत्या के 28 साल पुराने मामले में गैंगस्टर एजाज लकड़ावाला को दोषी ठहराया और उसे कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामले में सह-आरोपी व जेल में बंद गैंगस्टर राजेंद्र निकालजे उर्फ छोटा राजन को सबूतों के अभाव में अदालत ने बरी कर दिया। विशेष जज एएम पाटिल ने भगोड़े माफिया सरगना दाऊद इब्राहिम के पूर्व सहयोगी लकड़ावाला को हत्या केस में दोषी ठहराया।

यूएस बोला- कश्मीर मुद्दे पर शांति से वार्ता करें भारत-पाक

वॉशिंगटन । अमेरिका चाहता है कि भारत-पाक के बीच अच्छे संबंध हों। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा- भारत-पाक को कश्मीर मुद्दे पर शांति से बात करना चाहिए। ये वार्ता कैसे करनी है दोनों देश तय करें। हमारें रिश्ते दोनों देशों के साथ हैं, इसलिए हम चाहते हैं कि भारत-पाक के रिश्ते भी सुधर जाएं। दरअसल, पीएम मोदी के शाहबाज शरीफ को पाक का नया पीएम बनने पर बधाई दी थी। मैथ्यू मिलर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका, भारत और पाक के बीच वार्ता का स्वागत करेगा।

घोसी सीट से बेटे अरविंद राजभर को मैदान में उतारा

लखनऊ । ओम प्रकाश राजभर ने घोसी लोकसभा सीट से प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। घोसी सीट से उन्होंने अपने बेटे अरविंद राजभर को मैदान में उतारा है। एनडीए गठबंधन में शामिल ओपी राजभर की पार्टी सुभासपा को यूपी की घोसी लोकसभा सीट मिली थी। जहां से पार्टी ने अरविंद राजभर को मैदान में उतारा है। बता दें कि अरविंद राजभर सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के बेटे हैं। अरविंद राजभर इससे पहले यूपी विधानसभा चुनाव 2022 लड़ चुके हैं।

17 मार्च को होने वाली पीसीएस प्रिलिम स्थगित

लखनऊ । उप्र पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीपीएससी) की ओर से 17 मार्च को आयोजित होने वाली पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को स्थगित कर दिया है। इसके सम्बन्ध में विज्ञप्ति अनुसचिव की तरफ से जारी की गई है। बता दें कि सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा व सहायक वन संरक्षक / क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2024 (यूपीपीएससी 2024 प्रिलिम) का आयोजन 17 मार्च को राज्यभर में किया जाना था।

चांद पर न्यूक्लियर प्लांट की तैयारी में है रूस-चीन

मास्को । चीन,रूस मिलकर चांद पर एटमी प्लांट बनाना चाहते हैं। इसके लिए दोनों मिलकर काम करेंगे। रूसी स्पेस एजेंसी रॉसकॉसमॉस के सीईओ यूरी बोरिसोव ने कहा कि 2033-35 में रूस और चीन मिलकर चांद की सतह पर न्यूक्लियर पावर प्लांट लगाएंगे। बोरिसोव ने कहा- इस न्यूक्लियर पावर प्लांट को चांद की सतह तक पहुंचाने के लिए रूस न्यूक्लियर पावर से चलने वाला रॉकेट ज्यूस बनाएगा। ये एक कार्गो रॉकेट होगा और पूरी तरह से ऑटोमैटिक होगा। इसे चलाने के लिए इंसान की जरूरत नहीं होगी, सिर्फ लॉन्चिंग पर इंसानों को ध्यान देना होगा।

आज का इतिहास

- **1534:** गुजरात के बहादुर शाह ने चित्तौड़गढ़ को लूटा।
- **1618:** जोहान्स केपलर ने ग्रहों की गति के तीसरे नियम की खोज की।
- **1650:** महाराष्ट्र के प्रसिद्ध संत तुकाराम महाराज का निधन।
- **1702:** ऐनी स्टुअर्ट इंग्लैंड की महारानी बनीं।
- **1706:** कैटालोनिया की रियासत ने लघु संसद बनाई और स्पेन के राजा कार्लोस तृतीय ने अध्यक्षता की।
- **1817:** न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना हुई।
- **1844:** ऑस्कर प्रथम नॉर्वे और स्वीडन का राजा बने।
- **1911:** यूरोप में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।
- **1921:** प्रसिद्ध फिल्म गीतकार साहिर लुधियानवी का जन्म।
- **1921:** स्पेन के पीएम दातो की मैड्रिड में संसद के बाहर हत्या।

सीएम ममता बनर्जी ने संदेशखाली की महिलाओं के साथ किया मार्च

डेढ़ किमी. पैदल चलीं, कहा- मोदी के आरोप बेबुनियाद, मैं दावे से कह सकती हूं कि बंगाल में महिलाएं सबसे सुरक्षित

● कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पश्चिम बंगाल के बारासात में संदेशखाली की पीड़ित आदिवासी महिलाओं से मिले। इस दौरान पीएम मोदी ने जहां पीड़ित महिलाओं की हिम्मत बढ़ाई। पीएम मोदी ने कहा कि राज्य सरकार आरोपी टीएमसी नेताओं को बचा रही है।

पीएम मोदी के दौरे के एक दिन बाद सीएम ममता बनर्जी ने गुरुवार को कोलकाता में टीएमसी महिला विंग की रैली को संबोधित किया। इसमें उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखाली इलाके की कुछ महिलाएं भी शामिल हुईं। इस बीच ममता बनर्जी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। सीएम ममता बनर्जी ने कहा, बुधवार को भाजपा नेताओं ने कहा कि बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार होता है। मैं दावे के साथ कह सकती हूं कि बंगाल में महिलाएं सबसे सुरक्षित हैं।

ममता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, जब मणिपुर में महिलाओं को अर्धनग्न कर उनकी परेड निकाली गई, जब हाथरस में एक महिला के साथ बलात्कार किया गया और उसके शव का जबरन अंतिम संस्कार कर दिया गया, तब आप कहां थे? क्या आप बिलकिस (बानो) को भूल गए हैं? रैली में सीएम के अलावा टीएमसी नेता सुष्मिता देव, शशि पांजा और पार्टी की नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद और पत्रकार सागरिका घोष शामिल थीं। ममता के भतीजे व राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी भी इस मार्च में शामिल हुए। इससे पहले पीएम मोदी ने बारासात में संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मिले थे। पीएम मोदी ने ममता सरकार को महिला विरोधी बताया था। पीएम ने कहा था, बंगाल में महिला सुरक्षा, बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, सस्ते सिलेंडर की योजना भी नहीं लागू हुई।

अभिजीत गंगोपाध्याय पर भी कसे तंज

ममता बनर्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय के बीजेपी में शामिल होने पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, भाजपा का एक बाबू बेंच पर बैठा था और वह भाजपा में शामिल हो गया। आप उनसे न्याय की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के मार्च का नेतृत्व करती हैं। लेकिन इस बार रैली 7 मार्च को आयोजित की गई। रैली की तारीख में बदलाव का कारण शिवरात्रि बताया गया। 8 मार्च को शिवरात्रि है।

देश के दुश्मनों को राजनाथ सिंह की सख्त हिदायत, कहा-

भारत पर बुरी नजर डाली तो खैर नहीं

नई दिल्ली। देश के दुश्मनों को सख्त हिदायत देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो टूक शब्दों में कहा कि अगर कोई भारत पर बुरी नजर डालेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सेना तैयार है। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ और हिंद महासागर में चीनी सैन्य आक्रमण पर रक्षा मंत्री ने चिंता जाहिर की है।

मोदी सरकार रक्षा तंत्र को मजबूत किया: रक्षा क्षेत्र में सेना के आत्मनिर्भर बनने के कदम पर राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एक नई ऊर्जा के साथ काम किया गया है। जिसके चलते भारत एक मजबूत और वैश्विक मंच पर एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में सामने आया है। एक निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का रक्षा तंत्र पहले के मुकाबले आज ज्यादा मजबूत है क्योंकि मोदी सरकार इससे भारतीयता की भावना के साथ मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

भारतीयों की क्षमताओं पर विश्वास करती है सरकार: वर्तमान और विगत की केंद्र सरकारों के बीच अंतर करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार भारत के लोगों की क्षमताओं में दृढ़ता से विश्वास करती है, लेकिन पहले सत्ता में रहने वाले लोग भारतीयों की क्षमताओं पर विश्वास नहीं करते थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि हम सैनिकों का मनोबल ऊंचा रखने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत पर बुरी नजर डालने वाले किसी भी व्यक्ति को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सक्षम हैं।

जयशंकर ने लाल सागर संकट पर चिंता जताई

टोक्यो विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को लाल सागर संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समुद्री रक्षा और सुरक्षा भारत और जापान के लिए विशेष रूप से गंभीर चिंता का विषय बन गया है। जापान की राजधानी टोक्यो में ओआरएफ की ओर से आयोजित रायसीना गोलमेज कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ जयशंकर ने कहा कि रक्षा और सुरक्षा कम कठिन नहीं है। समुद्री रक्षा और सुरक्षा विशेष रूप से चिंता का विषय बन चुकी हैं। हम देख सकते हैं कि लाल सागर दैनिक रूप से हताहतों और शिपिंग व्यवधानों का सामना कर रहा है। विदेश मंत्री ने यह टिप्पणी दक्षिणी यमन में एक मालवाहक जहाज पर हूती द्वारा किए गए मिसाइल हमले में चालक दल के तीन सदस्यों की मौत के बाद की है। हूती ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उसने यह हमला गाजा में इजरायल और हमास के बीच युद्ध में फिलिस्तीनियों का समर्थन करने के लिए किया।उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण की आवाज के रूप में, भारत अपनी जिम्मेदारी के प्रति सचेत है; आज हमारे विकास के प्रयास विभिन्न महाद्वीपों के 78 देशों में फैले हुए हैं, क्या भारत और जापान अपनी विकास प्रणालियों के संबंध में समन्वय कर सकते हैं? डॉ जयशंकर ने अपने संबोधन में भारत और जापान के बीच' विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी 'की प्रशंसा की और कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि दोनों देशों के बीच समग्र संतुलन को निरंतर रखा जाए। उन्होंने वैश्विक व्यवस्था के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए भारत और जापान के उद्देश्य पर बात करते हुए ये मुद्दे उठाए। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत आज अपने पूर्व और पश्चिम में प्रमुख गलियारों पर काम कर रहा है। इनमें अरब प्रायद्वीप और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा के माध्यम से आईएमएसी पहल और पूर्व की ओर, त्रिपक्षीय राजमार्ग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन गलियरों का निर्माण संपन्न होने के बाद, एशिया के माध्यम से अटलांटिक को प्रशांत से जोड़ दिया जाएगा और भारत और जापान के पास पारदर्शी और सहयोगी संपर्क की आवश्यकता के बारे में अभिसारी विचार हैं। विदेश मंत्री ने कहा , कि एशिया में बहुध्रुवीयता के लिए दो शक्तियां बहुत महत्वपूर्ण हैं, यह हमारे साझा हित में भी है कि हम समग्र संतुलन स्वतंत्रता, खुलापन, पारदर्शिता और नियम-आधारित व्यवस्था के पक्ष में रहे।

मप्र से गुजरात पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा

अहमदाबाद । कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुरुवार शाम मप्र से गुजरात के दाहोद पहुंची। राहुल गांधी ने स्वतंत्रता संग्राम के आदिवासी नायक गोविंद गुरु के झालोद के कंबोई धाम में स्थित उनके स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित कर गुजरात में यात्रा की शुरुआत की। राहुल गांधी 6 जनसभा और 27 नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगे।आदिवासी होने के चलते राष्ट्रपति को राम मंदिर में नहीं मिली एंट्री :राहुल गांधी ने झालोद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, जाति आधारित जनगणना और अडाणी को लेकर केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश की। उन्होंने मौजूद लोगों से पूछा कि आपने राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव देखा होगा। क्या किसी ने टीवी पर उनका चेहरा देखा? उन्होंने क्या गलती की थी? सिर्फ आदिवासी होने के चलते उन्हें मंदिर में प्रवेश की इजाजत नहीं दी गई। मंदिर के अंदर सिर्फ आरएसएस के लोग थे। किसान, मजदूर, दलित, आदिवासी नजर नहीं आए। अदाणी, अंबानी, बॉलीवुड और क्रिकेटर तो आपको दिखाई दे दिए होंगे।

झालोद में राहुल बोले- आदिवासी होने के चलते राष्ट्रपति को राम मंदिर में नहीं दी गई एंट्री

जाति आधारित जनगणना की मांग: झालोद में सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने एक बार फिर देश में जाति आधारित जनगणना की मांग की और कहा कि जाति जनगणना कराई जानी चाहिए। ताकि देश के हर नागरिक को पता चल सके कि उनके हाथ में कितना पैसा है।

बड़े शर्म की बात है आप बच्चों को आगे कर रहे : हाईकोर्ट

हाईकोर्ट की कड़ी फटकार, कहा- आपके नेताओं को चेन्नई भेजा जाना चाहिए

● चंडीगढ़

पंजाब एवम् हरियाणा में चल रहे किसान आंदोलन को लेकर चंडीगढ़ में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने जहां इस मामले में वकीलों को फटकार लगाई, वहीं तस्वीरें देखकर जज किसानों पर भी बिफर गए। सुनवाई के दौरान उस समय कोर्ट के तेवर कड़े हो गए जब हरियाणा सरकार ने हाईकोर्ट को प्रोटेस्ट करते हुए कई फोटो दिखाई।

कोर्ट ने शुभकर्ण की मौत की जांच को लेकर भी अहम आदेश दिया। इस दौरान हाईकोर्ट ने तल्ख होते हुए कहा कि हाथों में तलवार लेकर शांतिपूर्वक प्रोटेस्ट कौन करता है। हाईकोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान पंजाब एंव हरियाणा सरकारों को फटकार लगाई और कहा कि इस पूरे मामले में दोनों ही राज्य अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाने में नाकाम रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि किसान शुभकरण की मौत की जांच हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अगुवाई में होगी। 3 सदस्यीय समिति बनाई जाएगी। सुनवाई के दौरान उस समय कोर्ट के तेवर कड़े हो गए जब हरियाणा सरकार ने हाईकोर्ट को प्रोटेस्ट करते हुए कई फोटो दिखाई। फोटो देख कर हाईकोर्ट किसान आंदोलनकारियों पर बड़ी टिप्पणी की। कहा की बड़े शर्म की बात है आप लोग बच्चो को आगे कर रहे हैं, कैसे माता-पिता हैं। बच्चों की आड़ में प्रदर्शन और वो भी हथियारों के साथ, आप लोगों को यहां खड़े होने तक का अधिकार नहीं।

किसान शुभकरन की मौत के मामले में न्यायिक जांच के आदेश

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने किसान संगठनों के दिल्ली कूच आंदोलन के दौरान मृत किसान शुभकरन की मौत के मामले में न्यायिक जांच के आदेश दिये। पंजाब के बठिंडा जिले के निवासी शुभकरन (21) की पिछले महीने किसान आंदोलन में पंजाब-हरियाणा सीमा पर किसानों और हरियाणा के सुरक्षा बलों के बीच झड़पों में मौत हो गई थी। कोर्ट ने एक रिटायर्ड जज और दो अवर पुलिस महानिदेशकों की समिति बनाने के आदेश दिये।

ईडी की रेड... 6 साल में 282 फीसदी बढ़ी इरफान सोलंकी की प्रॉपर्टी

खाते से 12 करोड़ का ट्रांजैक्शन, रिटर्न में 6 लाख औसत की आय दिखाई

कानपुर । कानपुर में गुरुवार को सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके रिश्तेदारों के घर ईडी ने रेड मारी। कानपुर और मुंबई में करीब 8 ठिकानों पर छापेमारी की गई। इसमें इरफान, उनके भाई अरशद, साथी और जमीनों के कारोबार में साझीदार हाजी वसी और सपा नेत्री नूरी शौकत का घर भी शामिल था। अफसरों ने घर के लोगों के मोबाइल जमा करा लिए। सीसीटीवी कनेक्शन काट दिए थे। सुबह करीब 6 बजे स्पेशल टीम जांच करने पहुंची थी। ईडी सूत्रों के मुताबिक, 2016 से 2022 तक इरफान की प्रॉपर्टी 282 प्रतिशत तक बढ़ी है।

कई डायरियां व दस्तावेज मिले

इरफान के घर से 26 लाख रुपए मिले। अकाउंट में साढ़े 12 करोड़ का ट्रांजैक्शन मिला, जबकि विधायक ने आयकर रिटर्न में सिर्फ 6 लाख रुपए की औसत आय ही दिखाई थी। इरफान के खनन के कारोबार से जुड़े साक्ष्यों पर भी नजर है। इस मामले में कई और लोग जांच के दायरे में आ सकते हैं। रात आठ बजे टीम वापस लौट गई है।

केन्द्र सरकार ने 5वीं जेनरेशन के स्टेल्थ फाइटर जेट को दी मंजूरी

खौफ में आ जाएंगे चीन-पाकिस्तान

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) ने स्वदेशी स्टेल्थ फाइटर जेट को मंजूरी दे दी है। पांचवीं पीढ़ी का यह विमान एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) प्रोग्राम के तहत बनेगा। इसके लिए 15 हजार करोड़ रुपए एप्रूव किए गए हैं। इसके बनने से चीन और पाकिस्तान की हालत खराब हो जाएगी।

इस विमान की ताकत और खासियत: इस फाइटर जेट का नाम है एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट। इसका पहला प्रोटोटाइप साल 2026 तक सामने आ जाएगा। इसमें जनरल इलेक्ट्रिक 414 (जीई-414) के दो इंजन लगे होंगे। एएमसीए आने से चीन, रूस और अमेरिका जैसे देशों की श्रेणी में भारत भी शामिल हो जाएगा। एएमसीए के आने के बाद भारतीय वायुसेना की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। एएमसीए अमेरिकी एफ-35 और रूस के एसयू-57 को कड़ी टक्कर देगा। देश में अभी फ्रांस से मंगाए गए 4.5 पीढ़ी के राफेल फाइटर जेट हैं। यह विमान अमेरिका के सबसे खतरनाक फाइटर जेट एफ-35 को स्पीड में पिछाड़ देगा। इसकी अधिकतम गति 2633 किमी/घंटा होगी। एफ-35 की अधिकतम गति 2000 किमी/घंटा ही है। एएमसीए के आने के बाद पाकिस्तान तो मुंह खोल नहीं पाएगा। चीन की हालत भी खराब रहेगी।

अमेरिकी फाइटर जेट एफ-35 से ज्यादा रेंज: एएमसीए रेंज में भी अमेरिकी एफ-35 से ज्यादा होगा। भारतीय लड़ाकू विमान की रेंज 3240 किमी होगी, जबकि अमेरिकी फाइटर की है 2800 किमी है। कॉम्बैट रेंज 1620 किलोमीटर होगी, जबकि एफ-35 की कॉम्बैट रेंज 1239 किलोमीटर है। भारतीय लड़ाकू विमान 57।9 फीट लंबा होगा, जबकि एफ-35 छोटा है। यह सिर्फ 51.4 फीट लंबा है।

घटना को हुए 10 साल | **एमएच370 : रहस्य बनी फ्लाइट पर नया दावा**

क्या पायलट ने सभी पैसेंजर्स को मारने के बाद किया सुसाइड

● नई दिल्ली

आठ मार्च, 2014 को बीजिंग के लिए उड़ान भरने के ठीक 40 मिनट बाद, पायलट जाहरी अहमद शाह ने मलेशिया में एयर ट्रेफिक कंट्रोल से गुडनाइट कहा। इसके प्लेन, कुआलालंपुर से बीजिंग जा रहा था यह प्लेन गायब हो गया। हिंद महासागर में एक द्वीप पर बहकर आए विमान के कुछ टुकड़ों के अलावा दस साल बाद भी इसका कोई पता नहीं चल सका है। प्लेन में 227 यात्री और 12 क्रू मेंबर्स सवार थे। प्लेन के लापता होने को लेकर अलग-अलग की थ्योरी सामने आती रहती हैं।

'द सन' की रिपोर्ट के मुताबिक अब एक नई डॉक्यूमेंट्री, **'व्हाई प्लेन्स वैनिश: द हंट फॉर एमएच370'**, इस थ्योरी की जांच करती है कि 53 वर्षीय कैप्टन जहरी ने एक योजनाबद्ध हत्या-आत्महत्या को अंजाम दिया। वह लगभग 30 वर्षों से एयरलाइन के लिए काम कर रहे थे। यह अनुमान लगाया



गया कि अधिकारियों से संपर्क तोड़ने के बाद वह सात घंटे तक प्लेन उड़ाते रहे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जहरी ने जानबूझकर यात्रियों और क्रू को खत्म करने के लिए केबिन डिप्रेशराइज्ड किया, जिनकी 20 मिनट के बाद मौत हो गई होगी।

पायलट चिंताजनक संख्या में मानसिक रूप से बीमार: ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन के मनोविज्ञान प्रोफेसर कैप्टन पॉल कलन ने यह दावा किया कि पायलट चिंताजनक संख्या में मानसिक रूप से बीमार हो सकते हैं। ऐसे लोग उड़ रहे हैं जिन्हें उड़ना नहीं चाहिए। कलन कहते हैं कि 1,000 से अधिक कॉमर्शियल पायलटों के एक सर्वे में पाया गया कि 17 प्रतिशत ने मॉडरेट डिप्रेशन की सीमा को छुआ है और 35 प्रतिशत ने बर्नआउट की सीमा को छुआ।

एमएच 370 फ्लाइट से अंतिम संदेश मिला-गुडनाइट मलेशिया

बोइंग 777 ने जब 12.42 बजे उड़ान भरी, तो 227 यात्रियों और 12 क्रू मेंबर्स में शामिल थी। इनमें जहरी और 27 वर्षीय को-पायलट फर्स्ट ऑफिसर फारिक अब्दुल हामिद भी शामिल थे। रात 1.19 पर ज़हरी का अंतिम रेडियो कॉन्टैक्ट यह कहने के लिए था: '370 से गुडनाइट मलेशिया।' इसके 17 मिनट बाद वियतनाम में एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स को एहसास हुआ कि प्लेन उनकी स्क्रीन से गायब है। मलेशिया एयरलाइंस के पूर्व संकट निदेशक फुआद शारुजी कहते हैं, 'कोई संकट संकेत नहीं था, कोई आपातकालीन स्थिति नहीं थी।

अमेरिका को एमएच 370 विमान की क्रैशसाइट मिली

2014 में गायब हुए मलेशिया के विमान एमएच370 की गुत्थी कुछ दिनों में सुलझ सकती है। अमेरिका के टेक्सास राज्य की एक कंपनी ओशन इनफिनिटी ने दावा किया है कि उनके पास उस जगह की लोकेशन है, जहां एमएच 370 विमान क्रैश हुआ था। अमेरिका की एक कंपनी ने दावा किया है कि उसके पास करीब एक दशक से लापता विमान से जुड़े कुछ वैज्ञानिक सबूत हैं। कंपनी ओशन इन्फिनिटी ने मलेशियाई सरकार के सामने दक्षिणी हिंद महासागर में नए सिरे से खोज शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। जहां माना जाता है कि विमान एक दशक पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। कंपनी ने सरकार के सामने नो क्योर, नो फी का प्रस्ताव रखा है। यानी सरकार तभी कंपनी को उसकी सर्विस के लिए पैसे दे जब उन्हें कोई सकारात्मक परिणाम मिले।

पत्नी लेट हुई तो फ्लाइट में बम की अफवाह फैला दी

मुंबई । मुंबई एयरपोर्ट पर फ्लाइट में बम की अफवाह फैलाने के आरोप में बेंगलुरु से एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। शख्स की पत्नी एयरपोर्ट पहुंचने में लेट हो गई थी। उसने फ्लाइट के टेक ऑफ में देरी करवाने के लिए धमकी भरा फोन करके बम की अफवाह फैलाई थी।

आरोपी की पहचान बेंगलुरु के विलास बाकड़े के रूप में हुई है। वह एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है। बाकड़े की पत्नी इंटीरियर डिजाइनर हैं। मामला 24 फरवरी का, अकासा एयरलाइंस की मुंबई-बेंगलुरु फ्लाइट ओपी 1376 का है।

मुंबई एयरपोर्ट पर छह घंटे देरी से उड़ा विमान, बेंगलुरु का शख्स गिरफ्तार

इंडिगो की फ्लाइट में बिना कुशन की सीट

बेंगलुरु । बेंगलुरु से भोपाल जा रही एक महिला को इंडिगो फ्लाइट में बिना कुशन की सट मिली। महिला ने इसकी तस्वीर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट की। इंडिगो की फ्लाइट 6ई 6465 में दो सीटें बिना कुशन के थीं। सोशल मीडिया पर एयरलाइन के नाम के साथ फोटो के वायरल होने के बाद इंडिगो को सफाई देनी पड़ी। एयरलाइन ने महिला यात्री की पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए लिखा कि सफाई के लिए कुशन हटाए गए थे। महिला ने एयरलाइन की लापरवाही से जुड़ी से अपनी पोस्ट 6 मार्च की शाम 6.22 बजे शेयर की थी।